(FDI) investment approved by Government is as under:—

	Amount (Rs. in crores)
Non-Resident Indians (NRIs)	20863.8
Foreign Direct Investment (FDI)	63140.4

Maharashtra State has attracted highest investment.

(c) The State Government formulate their own incentive schemes and update infrastructural facilities for attracting foreign investment in their States and review the same from time to time, details of which are not maintained by the Central Government.

केन्द्रीय पूल को खाद्यान्नों का अंशदान

2220. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1995-96 के दौरान केन्द्रीय पूल में प्रत्येक राज्य द्वारा खाद्यान्नों की कितनी-कितनी मात्रा का अंशदान किया गया;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राज्यों को खाद्यान्नों (गेहूं और चावल) की की गई आपूर्ति का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान गुजरात के प्रत्येक जिले में उक्त खाद्यान्नों की वास्तविक मांग कितनी थी; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान खाद्यान्नों की खरीद और आपूर्ति के बीच कितना अन्तर रहा है?

खाद्य मंत्री (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव): (क) 1995-96 के दौरान केन्द्रीय पूल के लिए वसूल की गई गेहूं और चावल की राज्यवार मात्राएं बताने वाला विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिए)**

(ख) और (ग) विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त हुई मांग, उनकी संगत आवश्यकताएं, उठान प्रवृत्ति, केन्द्रीय पूल में स्टाक आदि को ध्यान में रखते हुए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु आवंटन माह-दर-माह आधार पर किए जाते हैं। खाद्यान्नों के जिला-वार आवंटन माह-दर-माह आधार पर संबंधित राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं।

1995-96 की अवधि के लिए गेहूं और चावल की मांग, आवंटन और उठान बताने वाला विवरण अनुपत्र पर दिया गया है। **(देखिए परिशिष्ट 178, अनुपत्र सं॰ 50)**

(घ) विपणन मौसम, 1995-96 के दौरान वसूल की गई गेहूं और चावल की मात्रा 1995-96 के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली/सम्पुष्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए राज्यों द्वारा उठाई गई मात्रा से अधिक थी।

विवरण

1995-96 के दौरान केन्द्रीय पूल के लिए गेहूं और चावल की राज्य-वार वसूली

(लाख टन में)

राज्य	गेहूं (रबी विपणन मौसम)	चावल (चावल के हिसाब से धान सहित) (खरीफ विपणन मौसम)
	1995-96	(19.8.96 तक)
आंध्र प्रदेश	—	36.13
असम	—	0.02
बिहार	नग॰	नग॰
गुजरात	0.01	—
हरियाणा	31.02	6.87
कर्नाटक	—	0.78
मध्य प्रदेश	1.69	6.84
महाराष्ट्र	—	0.38
उड़ीसा	—	4.53
पंजाब	72.99	34.56
राजस्थान	4.54	0.02
उत्तर प्रदेश	13.02	7.20
पश्चिम बंगाल	—	1.27
दिल्ली	नग॰	—
जोड़:	123.27	98.60

नग॰—नगण्य:—500 टन से कम।